मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–6, अक्टूबर 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

# दीपावली के दीपों में जगमगाए कामयाबी

इस त्यौहार के पर्व पर सबसे पहले मैं कामधेनु परिवार से जुड़े सभी सदस्यों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि आप सभी के जीवन को ये दीपावली खुशियों से भर दे।

साथियों, कारोबार के नजरिए से दीपावली का पारंपरिक रूप से बेहद महत्व है।



दीपावली पूरे साल के कारोबार की समीक्षा करते हुए नए सिरे से अगले साल की तैयारी के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में वक्त आ गया है कि नई ऊर्जा के साथ कारोबार को आगे बढ़ाया जाए।

वित्त वर्ष 2011–12 कामधेनु इस्पात लिमिटेड के लिए काफी उत्साहवर्धक साबित हुआ है। इस दौरान कंपनी का मुनाफा 42% बढ़ गया। खासकर कंपनी की पेंट इकाई ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कामधेनु पेंट्स के मुनाफे में 33% की जोरदार बढ़ोत्तरी हुई।

हालाँकि पूरे बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर नजर डालें तो हालात बहुत अच्छे नहीं रहे। बढ़ती लागत और ऊँची ब्याज दरों के साथ मांग में सुस्ती का सामना भी करना पड़ा। लेकिन कामधेनु ने इन प्रतिकूल हालात की चुनौतियों का मजबूती से सामना किया और बेहतरीन प्रदर्शन करने के जज्बे को कमजोर नहीं पड़ने दिया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्साहवर्धक नतीजे इसी जज्बे का परिणाम हैं।

दीपावली के उत्सव से नई ऊर्जा लेकर कामधेनु प्रगति के नए पथ पर चलने के लिए बिल्कुल तैयार है। कंपनी ने इसके लिए पुख्ता योजना तैयार की है। स्टील क्षेत्र में कामधेनु अपने अत्यधिक सफल फ्रैंचाइजी लाइसेंस मॉडल का देश के कई अन्य राज्यों में विस्तार करेगी। साथ ही डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क का भी विस्तार किया जाएगा ताकि दूरदराज के इलाकों में भी कामधेनु के उत्पादों की पहुँच सुनिश्चित की जा सके।

इस बार आप दीपावली मनाएं तो पर्यावरण का पूरा खयाल रखें। कामधेनु भी पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए अपनी ओर से पहल कर रही है। इसी कड़ी में कंपनी पर्यावरण के अनुकूल पेंट पर खास तौर पर जोर दे रही है।

मित्रों, त्यौहारों और उत्सवों का भारतीय परंपरा में खास महत्व है। ये भारतीय जीवन शैली की उत्सवधर्मिता के परिचायक हैं। ये हमारे भीतर नई रचनात्मक ऊर्जा भर देते हैं ताकि हम जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। मेरी कामना है कि इस बार की दिपावली कामधेनु परिवार के सभी सदस्यों के जीवन में रचनात्मक ऊर्जा की नई लहर पैदा कर दे।

**श्री सतीश अग्रवाल**
सी एम डी
कामधेनु इस्पात लिमिटेड

# आधार कार्ड से भुगतान की शुरुआत



सरकार ने 'आधार' कार्ड के जरिये सरकारी पैसे के भुगतान की शुरुआत कर दी है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 20 अक्टूबर को राजस्थान के दूदू जिले से इस योजना की शुरुआत का ऐलान किया। फिलहाल देश के विभिन्न राज्यों के 51 जिलों में आधार कार्ड के जरिये भुगतान की योजना शुरू की गई है।

आधार कार्ड के जरिये मनरेगा, पेंशन, छात्रवृत्ति व अन्य सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे जरूरतमंद के खाते में जमा किया जाएगा। इससे सही आदमी तक समय पर सरकारी पैसा तो पहुँचेगा ही, साथ ही इससे भ्रष्टाचार के मामलों में भी कमी आने की उम्मीद है। सरकार की अगले साल से रसोई गैस पर मिलने वाली सब्सिडी की रकम भी आधार कार्ड के जरिये ग्राहकों के बैंक खाते में जमा करने की योजना है।

देश में अब तक करीब 24 करोड़ लोगों को आधार कार्ड बांटे जा चुके हैं। सरकार की 2014 तक करीब 60 करोड़ लोगों को आधार कार्ड बांटने की योजना है। आधार कार्ड को ग्राहकों के बैंक खाते से आसानी से जोड़ा जा सकता है। साथ ही इसका इस्तेमाल बैंक मे खाता खुलवाते समय पहचान पत्र के रूप में भी किया जा सकता है।

# मशहूर फिल्मकार यश चोपड़ा नहीं रहे



रोमांस के बादशाह कहे जाने वाले बॉलीवुड के मशहूर निर्माता निर्देशक यश चोपड़ा का निधन हो गया है। 21 अक्टूबर को मुंबई के लीलावती अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। 80 साल के यश चोपड़ा डेंगू से पीड़ित थे।

यश चोपड़ा के निधन से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित सभी राजनेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया। वहीं बॉलीवुड़ के मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने कहा कि यश चोपड़ा बहुत जल्दी चले गए, उन्हें अभी काफी काम करना था।

यश चोपड़ा को 'सिलसिला', 'कभी–कभी', 'दीवार', 'लम्हें', 'चांदनी', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'दिल तो पागल है', 'चक दे इंडिया' जैसी कई मशहूर फिल्मों का निर्माण करने के लिए जाना जाता है। इस दीवाली पर रिलीज होने जा रही फिल्म 'जब तक है जान' उनकी आखिरी फिल्म है।

27 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के लाहौर में जन्में यश चोपड़ा ने 'धूल का फूल' फिल्म में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपने करियर की शुरुआत की थी। हिंदी फिल्मों में अमूल्य योगदान के लिए यश चोपड़ा को 2001 में भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# साइना ने जीता डेनमार्क ओपन




सुपर शटलर के नाम से मशहूर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज प्रीमियर टूर्नामेंट की चौंपियन बन गई हैं। उन्होंने फाइनल में जर्मनी की जूलियन शेंक को 21–17, 21–8 से हराया।

तीसरी वरीयता प्राप्त साइना ने जूलियन शेंक की चुनौती 35 मिनट में ही खत्म कर दी। यह इस साल उनकी चौथी खिताबी जीत है। उन्होंने इसी साल लंदन ओलिंपिक में कांस्य पदक भी अपने नाम किया था।

22 वर्षीय साइना करीब दो महीने बाद कोई टूर्नामेंट खेल रही थीं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की टाइन बाउन को हराया था। सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिहान वांग की चुनौती खत्म की। वांग साइना से 12–21, 7–12 से पिछड़ने के बाद मुकाबले से हट गई थीं।




# कामधेनु इस्पात ने एजीएम में दिखाई ताकत

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने नई दिल्ली के वसंत विहार में 27 सितंबर को 18वीं सालाना आम बैठक (एजीएम) आयोजित की। इस सालाना कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठतम अधिकारी, कर्मचारी, शेयरधारक, फ्रैंचाइजी सहयोगी और कामधेनु ग्रुप के अन्य सहयोगी शामिल हुए।

एजीएम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2011–12 के दौरान कंपनी के प्रदर्शन और उपलब्धियों का लेखा जोखा पेश करने के साथ–साथ कंपनी के भविष्य की योजनाओं की तस्वीर भी पेश की। वित्त वर्ष 2011–12 के दौरान कंपनी का शुद्ध मुनाफा पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 42% बढ़ गया। वहीं इस दौरान कंपनी की पेंट इकाई के मुनाफे में 33% की जोरदार बढ़ोत्तरी हुई।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन श्री सतीश अग्रवाल ने पिछले एक साल में कंपनी के प्रदर्शन पर संतोष जताया। श्री अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु ने सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता के मानक तय किए हैं। हम पूरे देश में ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद और सेवाएं मुहैया करा रहे हैं।" श्री सतीश अग्रवाल को एक बार फिर से कंपनी का प्रबंध निदेशक चुना गया है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सौरभ अग्रवाल ने भी इस मौके पर कंपनी के प्रदर्शन पर रोशनी डाली। श्री अग्रवाल ने बताया, "कामधेनु इस्पात का फ्रैंचाइजी लाइसेंस मॉडल बेहद सफल रहा है और अब हम स्टील, पेंट और अन्य क्षेत्रों में विस्तार कर रहे हैं। कामधेनु पेंट्स ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले कई नए उत्पाद उतारने जा रही है। कंपनी खासकर पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों पर जोर देगी।"



कामधेनु पेंट्स की निकट भविष्य में अल्काइड रेसिन प्लांट लगाने की भी योजना है। श्री सौरभ अग्रवाल के मुताबिक, "इस परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये जुटाने के लिए प्राइवेट इक्विटी सहित कई अन्य विकल्पों पर बातचीत चल रही है।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क में बढ़ोत्तरी का इरादा भी जताया है। एजीएम के दौरान कंपनी ने बोर्ड की सिफारिश पर वित्त वर्ष 2011–12 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य के शेयर पर 50 पैसे यानी 5% लाभांश देने का भी ऐलान किया।

एजीएम के दौरान श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल और श्री सचिन अग्रवाल को कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक के तौर पर दोबारा नियुक्त किया गया।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री अनिल त्रिपाठी
**मैसर्स शिवम इन्टरप्राइजेज**
काराही रोड, कानपुर
मो. 9839272490

श्री मोहन गोगिया
**मैसर्स गोगिया आयरन ट्रेडर्स**
5/508 ए गोविन्द पुरी
कालका जी, नई दिल्ली
मो. 9810012429

श्री भारत भुलवानी
**मैसर्स ओम प्रकाश आयरन स्टोर**
गल्ला मण्डी रोड
नरसिंहपुर (मध्य प्रदेश)
मो. 9424762669, 9713555096

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14



# कामधेनु पेंट्स ने राजस्थान के पेंटरों और ठेकेदारों को प्रोत्साहित किया

भारत की प्रमुख पेंट निर्माता कंपनी कामधेनु पेंट्स ने राजस्थान के पेन्टरों और ठेकेदारों के साथ अपने संबंधो को और अधिक मज़बूती प्रदान करने तथा उनके सहयोग को सराहने के उद्देश्य से हनुमानगढ़ में एक भव्य मीट का आयोजन किया।

कामधेनु पेंट्स के स्टाफ सदस्यों के अलावा इस मेगा मीट में राजस्थान के 400 से ज्यादा पेंटरों और ठेकेदारों ने भाग लिया। इस मौके पर कंपनी के एएसएम श्री अजय शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने पेंटरों और ठेकेदारों के सहयोग की जमकर सराहना की। कामधेनु पेंट्स के अधिकृत वितरक मैसर्स अनिल छाबरा एंड कंपनी की ओर से श्री अनिल छाबरा भी इस अवसर पर मौजूद थे।





श्री अजय शर्मा ने उपस्थित लोगों को कंपनी के डेकोरेटिव उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अपने संबोधन में उन्होने कहा, "हमारे प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पादों ने बाजार में खास पहचान बना ली है। कामधेनु पेंट्स के जाने–माने ब्रांड ***Colour Dreamz*** के अंतर्गत हाल ही में लांच किए गए उत्पाद जैसे शीन एन शाइन, रेप्लिका और इको फ्रेश की माँग पूरे देश भर मे हो रही है। ये पेंट सीलेन प्रभाव के साथ–साथ दीवारों को दाग–धब्बों से मुक्त रखने मे सहायक होते हैं। इसके अलावा ये पेंट पर्यावरण के भी अनुकूल हैं।" श्री शर्मा ने यह भी बताया कि कामधेनु पेंट्स अब भारत की 6 शीर्ष पेंट कंपनीयों मे शामिल हो गई है।

यहाँ उपस्थित पेंटरों और ठेकेदारों ने आगामी त्योहारों में और बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर कंपनी ने कई पेंटरों व ठेकेदारों को लैपटाप, फ्रिज, टीवी, एलसीडी टीवी, चाँदी के सिक्के जैसे विभिन्न प्रकार के गिफ्ट प्रदान किए।

# कामधेनु जीवन धारा ने लगाया निःशुल्क शिविर

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की मशहूर कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सामाजिक कार्य इकाई कामधेनु जीवन धारा ने विकलांग लोगों के कल्याण के लिए नई दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन इलाके के न्यू हॉरिजन स्कूल में तीन दिन का निःशुल्क शिविर आयोजित किया।

30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित इस शिविर में शारीरिक रूप से अपंग 550 लोगों को निःशुल्क जयपुर फुट और कैलिपर बांटे गए। वहीं 800 से ज्यादा लोगों के आँखों की निशुल्क जांच भी की गई।



इस शिविर में दिल्ली के द्वारका, मदनपुर खादर जैसे क्षेत्रों के अलावा उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर, सहसपुर और रामपुर जैसे क्षेत्रों मे रहने वाले लोग शामिल हुए।

कामधेनु जीवन धारा की चेयरपर्सन श्रीमती राधा अग्रवाल ने इस मौके पर कहा, "कामधेनु समूह सालों से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभा रहा है। हमने समय–समय पर सामाजिक कल्याण शिविर आयोजित किए हैं। कृत्रिम पैरों और घुटनों से सैकड़ों लोगों की जिंदगी बेहतर होगी।"




कामधेनु जीवन धारा ने एक गैर सरकारी संगठन, मानव कल्याण फाउंडेशन के साथ मिलकर लगातार तीसरे वर्ष इस तरह के शिविर का आयोजिन किया। इससे पहले इस संगठन ने दिल्ली और आसपास के इलाकों में रहने वाले लाभार्थियों की पहचान की थी।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com